कार्यालय नजारत अनुभाग, सिविल कोर्ट, मुजफ्फरनगर।

दिनांक: 04 जुलाई 2022

-: निविदा सूचना :-

सर्व साधारण को एतद द्वारा सूचित किया जाता है। कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या-**2232/Admin. (B-I) Section, Allahabad: Dated: 06 June 2022** के अनुपालन में दीवानी न्यायालय, मुजफ्फरनगर स्थित पक्की कैन्टीन एवं जे0एम0 कोर्ट परिसर स्थित अस्थाई कैन्टीन को वित्तीय वर्ष 2022-2023 की शेष समयावधि हेतु नीलाम किये जाने के लिये इच्छुक निविदा दाताओं/संस्थानों से निविदायें आमन्त्रित की जाती है। जो भी व्यक्ति/संस्थान वित्तीय वर्ष 2022-2023 में दीवानी न्यायालय, मुजफ्फरनगर स्थित पक्की कैन्टीन एवं जे0एम0 कोर्ट परिसर स्थित अस्थाई कैन्टीन के लाईसेंस अनुबन्ध करना चाहते है, वह अपनी निविदायें बन्द लिफाफे में कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, मुजफ्फरनगर को दिनांक 08 जुलाई 2022 की सायं 5:30 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक एवं समय तक प्राप्त निविदाओं को दिनांक 11 जुलाई 2022 को समिति के द्वारा समय 5:30 बजे सायं निविदा दाताओं के समक्ष खोला जायेगा। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नही किया जायेगा।

निविदा खुलने के दिनांक को स्वीकृत निविदादाता को अंकन 50,000/-रूपये की धनराशि कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, मुजफ्फरनगर में जमानत राशि के रूप मे जमा करना अनिवार्य होगा।

4/7/22	4-7-2022	4.7.22
(मनोज कुमार जाटव) विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट मुजफ्फरनगर, **(सदस्य)**	(बाबू राम) अपर जिला जज, न्यायालय सं0-5, मुजफ्फरनगर। **(सदस्य)**	(जय सिंह पुण्डीर) अपर जिला जज, न्यायालय संख्या-1, मुजफ्फरनगर। **(अध्यक्ष)**

समिति, ठेका नीलाम, जनपद न्यायालय, मुजफ्फरनगर।